>

Title: Presentation of the 5th, 6th, 7th and 8th Report of the Committee on Petitions.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं याचिका संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:

-

(1) श्रीमती सुमन डूडी के पति कर्नल (टीएस)(सेवानिवृत्त) रण सिंह डूडी को अनुवर्ती परिलाभ दिए जाने से इंकार करते हुए उनके साथ हुए कथित अन्यावय तथा तत्संबंधी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में श्री राजेन्द्र अग्रवाल, संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा अग्रेषित उनके अभ्यावेदन के बारे में पांचवां प्रतिवेदन ।

(2) भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के प्राधिकारियों द्वारा कार्य पूरा हुए बिना मैसर्स महालक्ष्मी इंफ्राकान्ट्रैक्टस प्राइवेट लिमिटेड को किए गए भुगतान के संबंध में कथित घोर वित्तीय अनियमितताओं के बारे में श्री सुभाष कुमार सिंह से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका संबंधी समिति (16वीं लोक सभा) के 47वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी छठा प्रतिवेदन ।

(3) भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) द्वारा मैसर्स सद्भाव अन्नपूर्णा (जेवी) को कार्य पूरा किये बिना पूर्ण अनुबंधित राशि के भुगतान के संबंध में श्री सुभाष कुमार सिंह से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका संबंधी समिति (16वीं लोक सभा) के 51वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी सातवां प्रतिवेदन ।

(4) तेजपुर रेलवे स्टेशन तक बड़ी रेल लाइन के विस्तार के संबंध में श्री जितेन्द्र चौधरी, संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा अग्रेषित श्री जितेन सुण्डी और अन्य से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका संबंधी समिति (16वीं लोक सभा) के

54वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी आठवां प्रतिवेदन ।